# श्रद्धाभाव से मनाई गई माधवराव की जयंती, दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 10 मार्च।** पूर्व केंद्रीय मंत्री माधवराव सिंधिया की 81वीं जन्म जयंती मंगलवार को शिवपुरी में सेवा कार्यों और श्रद्धांजलि

**महान व्यक्तित्व के धनी थे स्व. माधवराव : भाजपा जिलाध्यक्ष जाटव**



कार्यक्रमों के साथ मनाई गई। शहर के दो बत्ती चौराहे पर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें नमन किया। इस अवसर पर कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी और पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ ने भी सिंधिया को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष जसवंत जाटव ने कहा कि कै. माधवराव सिंधिया एक महान व्यक्तित्व के धनी थे। उनकी दूरदर्शी सोच, नेतृत्व क्षमता और विकास कार्य आज भी ग्वालियर अंचल सहित पूरे मध्यप्रदेश की जनता के दिलों में बसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि उनके बताए मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में पूर्व विधायक ओमप्रकाश खटीक, माखनलाल राठौर, प्रहलाद भारती, पूर्व जिलाध्यक्ष राजू बाथम, जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा और पूर्व नपा अध्यक्ष मुन्नालाल कुशवाहा ने भी अपने विचार रखते हुए सिंधिया को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन गिरीश मिश्रा मामा ने किया। इसी क्रम में सांसद प्रतिनिधि हरिओम राठौर ने माधव चौक स्थित हनुमान मंदिर पर वृद्धजनों को भोजन प्रसादी वितरित कर जयंती मनाई। वहीं राजमाता विजयाराजे सिंधिया समारोह समिति के अध्यक्ष तेजमल सांखला के नेतृत्व में सिंधिया छत्री परिसर में भी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान छत्री मैनेजर अशोक मोहिते ने माधवराव सिंधिया के व्यक्तित्व और उनसे जुड़े पुराने संस्मरण साझा किए।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मुकेश जैन ने कहा कि माधवराव सिंधिया का व्यक्तित्व इतना विराट था कि उसे शब्दों में व्यक्त करना कठिन है। उनकी कार्यशैली और मिलनसारिता के कारण जो भी उनसे मिलता, उनका प्रशंसक बन जाता था।

**कार्यक्रम में यह लोग रहे मौजूद**

कार्यक्रम में जिला महामंत्री लवलेश जैन, केपी परमार, पवन जैन, राकेश गुप्ता, विजय शर्मा, डॉ. रश्मि गुप्ता, लक्ष्मी जाटव, अशोक ठाकुर, रितेश जैन, माणिक जैन, वीरेंद्र शिवहरे, रामसिंह यादव, प्रदीप शर्मा, श्याम राठौर, कृष्णा कुशवाहा, सोनू राजावत, विवेक अग्रवाल, दिलीप मुद्गल, मुकेश सिंह चौहान, प्रिन्स तोमर, विकास शुक्ला, संजय गौतम, दिनेश गर्ग, सौरभ सांखला, रवि कुलश्रेष्ठ सहित अनेक भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ऑटो चालक को अज्ञात वाहन ने कुचला

**शिवपुरी 10 मार्च।** बदरवास थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसे में एक ऑटो चालक की मौत हो गई।



बूढ़ाडोंगर गांव के पास नेशनल हाईवे-46 पर ऑटो अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। टक्कर के बाद चालक सड़क पर जा गिरा, तभी पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उसे कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान गुना जिले के सिरसी थाना क्षेत्र के मझोला गांव निवासी मनोज भार्गव पुत्र केशव भार्गव के रूप में हुई है। मनोज शिवपुरी शहर के लुधावली इलाके में रहकर ऑटो चलाकर परिवार का पालन-पोषण करता था। मंगलवार सुबह वह अपने चाचा लल्लू भार्गव के साथ गांव मझोला से शिवपुरी आ रहा था। बताया जा रहा है कि सुबह करीब 5 बजे बूढ़ाडोंगर गांव के पास अचानक ऑटो अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराया। तेज झटके से चालक मनोज ऑटो से बाहर सड़क पर गिर गया। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आए अज्ञात वाहन ने उसे कुचल दिया। हादसा इतना भीषण था कि मनोज की मौके पर ही मौत हो गई। ऑटो में सवार उसके चाचा लल्लू भार्गव भी हादसे में घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर बदरवास थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जनसुनवाई में नामांतरण में रिश्वत, पेंशन रुकने व मारपीट के आरोप

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 10 मार्च।** कलेक्टर और एसपी की संयुक्त जनसुनवाई में मंगलवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याएं रखीं। जमीन नामांतरण में रिश्वत मांगने, सेवानिवृत्त कर्मचारी की पेंशन अटकने और महिला के साथ मारपीट जैसी गंभीर शिकायतें सामने आईं। अधिकारियों ने सभी मामलों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

सर्किट हाउस रोड निवासी धर्मेंद्र जाटव ने ग्राम माधौपुर, तहसील पोहरी के पटवारी बघेल पर नामांतरण के नाम पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया।



फरियादी के अनुसार उन्होंने 17 जुलाई 2025 को सर्वे नंबर 108 में से 1000 वर्गफुट का प्लॉट खरीदा था और नामांतरण के लिए आवेदन दिया था। आरोप है कि 22 जनवरी 2026 को पटवारी ने नामांतरण के लिए 2000 रुपए की मांग की, जो उन्होंने फोनपे के माध्यम से दे दिए, लेकिन अब भी नामांतरण नहीं हुआ और 5 हजार रुपए की अतिरिक्त मांग की जा रही है। खुद को विकलांग और गरीब बताते हुए उन्होंने पटवारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

न्यू शिव कॉलोनी निवासी सेवानिवृत्त वनपाल दिनेश कुमार भार्गव ने भी जनसुनवाई में गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि 31 अगस्त 2025 को सेवानिवृत्त होने के बाद भी सात माह बीत जाने के बावजूद उनका पीपीओ (पेंशन पेमेंट ऑर्डर) जारी नहीं हुआ है। कई बार वन विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने के बावजूद केवल आश्वासन ही मिला। पेंशन न मिलने से परिवार के भरण-पोषण में परेशानी हो रही है। करेरा थाना क्षेत्र के रामनगर गधाई निवासी वीरवती ने एसपी को आवेदन देकर ससुराल पक्ष पर जानलेवा हमले का आरोप लगाया। पीड़िता के अनुसार 25 फरवरी को पति भागचंद कुशवाह, जेठ, जिठानी और ननद ने कुल्हाड़ी, डंडों और लात-घूसों से हमला कर दिया, जिससे उसके हाथ-पैर में फ्रैक्चर हो गया। महिला का आरोप है कि पुलिस ने गंभीर धाराओं के बजाय सामान्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। जनसुनवाई में अधिकारियों ने सभी शिकायतों की जांच कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

# स्वास्थ्य का महाकुंभ बनेगा शिवपुरी का मेडिकल मिशन

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 10 मार्च।** आगामी दिनों में शिवपुरी में आयोजित होने वाले रोटरी रीजनल मेडिकल मिशन के तहत विशाल स्वास्थ्य शिविर की तैयारियों को लेकर केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य

**केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने की तैयारियों की समीक्षा**

सिंधिया ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में आने वाले मरीजों के लिए सभी व्यवस्थाएं सुचारू और व्यवस्थित रूप से सुनिश्चित की जाएं, ताकि



अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिल सके।

सिंधिया ने कहा कि यह आयोजन केवल एक संसदीय क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि ग्वालियर संसदीय क्षेत्र के करैरा, पोहरी और गुना के साथ-साथ राजगढ़ संसदीय क्षेत्र के चाचौड़ा और राधौगढ़ के मरीजों को भी इसका लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने इस शिविर को स्वास्थ्य का महाकुंभ बताते हुए कहा कि सेवा भावना के साथ सभी जनप्रतिनिधि और अधिकारी मिलकर कार्य करें, ताकि दूर-दराज के मरीजों को भी बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सके। उन्होंने निर्देश दिए कि मरीजों को लाने-ले जाने की व्यवस्था, पंजीयन प्रक्रिया, जांच, ऑपरेशन तथा उपचार से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं व्यवस्थित और पारदर्शी हों। साथ ही शिवपुरी, गुना और अशोकनगर के कलेक्टर, प्रभारी मंत्री और पार्टी पदाधिकारी आपसी समन्वय से काम करें, ताकि आठ दिनों तक चलने वाला यह सेवा पर्व सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। बैठक में ऊर्जा मंत्री एवं शिवपुरी जिले के प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, प्रभारी मंत्री गोविन्द राजपूत और राकेश शुक्ला, तीनों जिलों के कलेक्टर, पार्टी के जिलाध्यक्ष, रोटरी रीजनल मेडिकल मिशन के अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन, सचिव डॉ. प्रदीप पाराशर, श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन के अध्यक्ष डॉ. अनूपराज चोपड़ा, सचिव रमेश अग्रवाल सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### एक नजर में

#### नाबालिग बेटी के मामले में कार्रवाई न होने से आहत पिता ने थाने में पी लिया जहर


**शिवपुरी, 10 शिवपुरी।** कोलारस थाना परिसर में मंगलवार सुबह एक चौंकाने वाली घटना सामने आई, जब 52 वर्षीय व्यक्ति ने पुलिस कार्रवाई से नाराज होकर थाने में ही जहरीला पदार्थ पी लिया।



हालत बिगड़ते ही पुलिस ने तत्काल उसे कोलारस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार कोलारस कस्बे के पराई की पौर निवासी कन्हैया जाटव की नाबालिग बेटी 5 मार्च को घर से लापता हो गई थी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू की। 9 मार्च को लड़की अचानक कोलारस थाने पहुंची और बताया कि वह अपने मामा के लड़के के साथ चली गई थी। युवक भी उसी समय थाने में मौजूद था। पुलिस ने नियमानुसार लड़की का मेडिकल परीक्षण कराया और न्यायालय में धारा 164 के तहत उसके बयान दर्ज कराए। साथ ही चाइल्ड वेलफेयर कमेटी (सीडब्ल्यूसी) के समक्ष भी लड़की के बयान लिए गए। लड़की ने अपने बयान में कहा कि वह अपनी मर्जी से घर से गई थी। इसके बाद पुलिस ने उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मंगलवार सुबह लड़की के पिता कन्हैया जाटव थाने पहुंचे और युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। जब उन्हें बताया गया कि लड़की के बयानों और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर युवक को छोड़ दिया गया है, तो वे आक्रोशित हो गए। इसी दौरान उन्होंने थाने परिसर में ही जहरीला पदार्थ पी लिया। घटना से थाने में हड़कंप मच गया। पुलिसकर्मियों ने तुरंत उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। कोलारस थाना प्रभारी गब्बर सिंह गुर्जर के अनुसार पूरे मामले की जांच की जा रही है।

#### दो अवैध रेत भंडारण पर प्रकरण दर्ज, 14 चक्का हाइवा जब्त

**शिवपुरी।** जिले में अवैध रेत कारोबार पर शिकंजा कसते हुए खनिज विभाग ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की।



कलेक्टर के निर्देश और खनिज अधिकारी के मार्गदर्शन में प्रभारी खनिज निरीक्षक सोनू श्रीवास ने अपनी टीम के साथ छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध रेत भंडारण करने वाले दो लोगों पर प्रकरण दर्ज किए, जबकि अवैध परिवहन कर रहे 14 चक्का हाईवा वाहन को जब्त कर लिया। जानकारी के अनुसार खनिज निरीक्षक सोनू श्रीवास ने टीम के साथ करौंदी सबवेल चौराहा क्षेत्र के आसपास स्थित रेत भंडारण स्थलों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान खिन्नी नाका निवासी राघवेंद्र शर्मा और विवेकानंदपुरम कॉलोनी निवासी सुनील राजे के खिलाफ अवैध रेत भंडारण पाए जाने पर प्रकरण दर्ज किया गया। कार्रवाई के दौरान टीम ने अमोला थाना क्षेत्र में अवैध रूप से रेत परिवहन करते हुए एक 14 चक्का हाईवा वाहन को भी पकड़ा। वाहन चालक परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद वाहन को जब्त कर अमोला थाना परिसर में सुरक्षा के लिए खड़ा कराया गया है। खनिज विभाग के अनुसार होली अवकाश से पहले भी शिवपुरी तहसील क्षेत्र में अवैध रेत भंडारण के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। इस कार्रवाई में दर्ज सभी प्रकरणों को अर्थदंड निर्धारण के लिए कलेक्टर न्यायालय भेजा जा रहा है। खनिज निरीक्षक सोनू श्रीवास ने चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले रेत माफियाओं के खिलाफ आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# कार्यकर्ताओं ने मनाई माधवराव की 81वीं जयंती

**नवभारत न्यूज**

**करैरा, 10 मार्च।** आज स्व.माधवराव सिंधिया की 81वीं जन्म जयन्ति करैरा में श्रद्धा भाव से मनाई गई। सर्व प्रथम कार्यक्रम संयोजक मंडल अध्यक्ष वीनस गोयल द्वारा कार्यकर्ताओं के साथ कॉलेज प्रांगण में स्थित प्रतिमा पर

**बगीचा मंदिर पर पूरी सब्जी का प्रसाद वितरण किया**

सुबह 9:30 बजे भाव भीनी श्रद्धांजलि एवं उनके चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये।

माधव महाराज अमर रहे के नारो से पूरा प्रांगण गूंजायमान हो गया। ततपश्चात 10:30 बजे से अन्नपूर्णा बगीचा सरकार भंडारे पर पूड़ी सब्जी का प्रसाद भक्त लोगों को वितरण किया गया । अंत में सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता मित्र मंडल जनों एवं मंडल कार्यकर्ताओं ने विनम्र





श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्रीमती शकुंतला खटीक, राम निवास शर्मा, डाक्टर अरविंद बेडर, जिला उपाध्यक्ष गोपाल पाल, पवन लोधी, देवेन्द्र जैन, नगर परिषद उपाध्यक्ष राजीव सिकरवार, एडवोकेट अशोक जैन, अन्नी बंसल, अमन लोधी, पार्षद संजय नीखरा, अरविंद गेड़ा, मुलाकात सिंह वर्मा, महिला मंडल अध्यक्ष सीमा गौड़, श्री मती रजनी गेडा, श्रीमती सुधा त्रिपाठी, सूरजभान यादव, मीडिया प्रभारी संजय बिलैया, मंगल सिंह यादव,सह मीडिया प्रभारी हरी निवास साहू, प्रचार मंत्री सचिन तिवारी, सह सोशल मीडिया प्रभारी योगेश शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मीट मार्केट के पीछे टीन शेड से लटका मिला फल विक्रेता का शव, सुबह मचा हड़कंप

**शिवपुरी, 10 मार्च।** फिजिकल थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब मीट मार्केट के पीछे ठाकुर बाबा के चबूतरे की टीन शेड पर एक युवक का शव फंदे से लटका मिला। सुबह टहलने निकले



लोगों ने जैसे ही शव देखा, तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर जांच शुरू कर दी।

मृतक की पहचान अशोक खटीक के रूप में हुई है, जो मूल रूप से दमोह जिले का रहने वाला बताया जा रहा है। अशोक पिछले कई वर्षों से शिवपुरी में अपने ससुराल में रह रहा था और शहर में हाथ ठेला लगाकर फल बेचने का काम करता था। इसी से वह अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। परिजनों के अनुसार अशोक रविवार शाम तक घर पर था, लेकिन रात में वह घर से निकल गया था। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा।

# महिलाओं के सम्मान और समान अधिकारों का दिया संदेश

**नवभारत न्यूज**

**पोहरी, 10 मार्च।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विकास संवाद समिति पोहरी द्वारा ग्राम पंचायत नौन्हेराखुर्द और मडखेड़ा में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के अधिकार, सम्मान और समानता को लेकर चर्चा की गई तथा ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से महिलाओं के सम्मान और उनके अधिकारों की रक्षा का संकल्प लिया। खास बात यह रही कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण पुरुषों और युवाओं ने भी भाग लेकर महिला सशक्तिकरण का समर्थन किया। कार्यक्रम ग्राम टपपुरा, मेहरा, नौन्हेराखुर्द, बटका





खेड़ी, पटपरी तथा ग्राम पंचायत मडखेड़ा में आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 100 से अधिक ग्रामीण पुरुषों और युवाओं की उपस्थिति रही। सभी ने मिलकर समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और समान अवसर देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला समन्वयक अजय यादव ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के संघर्ष और उनकी उपलब्धियों को सम्मान देने का दिन है। उन्होंने कहा कि समाज में पुरुष और महिला के बीच समानता केवल अधिकारों की बात नहीं है, बल्कि यह एक विकसित और न्यायपूर्ण समाज की बुनियादी आवश्यकता है। जब बेटा-बेटी के बीच का भेदभाव समाप्त होगा, तभी परिवार और राष्ट्र सही मायनों में प्रगति कर सकेंगे। बैठक के दौरान घरेलू और सामाजिक जिम्मेदारियों में महिला और पुरुष की समान भागीदारी को लेकर खुली चर्चा की गई। अजय यादव ने कहा कि एक खुशहाल परिवार के लिए दोनों के बीच आपसी सम्मान, मर्यादा और समझ होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे रूढ़िवादिता की बेड़ियों को तोड़कर गरीबी और पिछड़ेपन को दूर किया जा सकता है।

**शिक्षित लड़की का समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान**

जिला समन्वयक वर्षा खातरकर ने कहा कि जब एक लड़की शिक्षित होती है तो वह पूरे समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस अवसर पर ग्राम सरपंच, पंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, सहायिकाएं, युवा समूह के सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सामुदायिक कार्यकर्ता वर्षा ओझा और कीर्ति ने सभी उपस्थित ग्रामीणों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन समाज में सकारात्मक बदलाव के संकल्प के साथ हुआ।


**In The Court Of I Civil Judge Junior Division, District Court, Shivpuri**

Presiding Officer: सुश्री काजल नायक

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु), (RCSA/0000012/2026)

**बवीता.........वादी**

**Vs**

**मप्र राज्य द्वारा कलेक्टर शिवपुरी मप्र.. ...प्रतिवादी**

Process Id/2026

**पेशी दिनांक :-** 28/03/2026

प्रेषिती-

(1) सर्वसाधारण पता- पोहरी जिला शिवपुरी मप्र यह कि प्रार्थी बवीता ने आपके विरूद्ध सिविल दावा के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 10 March 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्र

**सुश्री काजल नायक**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश,**
**कनिष्ठ खण्ड,**
**पोहरी जिला शिवपुरी (म.प्र.)**

**टिप्पणी :- नोटिस**

**कृपया ध्यान दें :-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।


# माधव की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित, कार्यकर्ताओं ने किया नमन

**नवभारत न्यूज**

**पोहरी, 10 मार्च।** पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. माधवराव सिंधिया की जयंती के अवसर पर पोहरी में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस

**माधवराव के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प**

अवसर पर पूर्व मंत्री सुरेश धाकड़ के पोहरी स्थित निवास पर स्व. माधवराव सिंधिया के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने स्व.



माधवराव सिंधिया के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए उन्हें महान जननेता बताया।

वक्ताओं ने कहा कि स्व. सिंधिया ने अपने राजनीतिक जीवन में सदैव शुचिता, ईमानदारी और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। वे हमेशा जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को सुनते थे और उनके समाधान के लिए कार्य करते थे। पूर्व मंत्री सुरेश धाकड़ ने कहा कि स्व. माधवराव सिंधिया केवल एक राजनेता ही नहीं बल्कि दूरदर्शी नेतृत्व और जनसेवा के लिए समर्पित व्यक्तित्व थे। उन्होंने अपने कार्यकाल में देश और क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए। उनका सरल स्वभाव, कार्यशैली और जनता के प्रति समर्पण आज भी सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष आसुतोष जैमनी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्व. माधवराव सिंधिया का राजनीतिक जीवन युवाओं और कार्यकर्ताओं के लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि उनके आदर्शों और विचारों को अपनाकर ही समाज और राष्ट्र की सेवा की जा सकती है। कार्यक्रम में भाजपा के कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने स्व. माधवराव सिंधिया के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में उनके योगदान को भी याद किया गया।


**कार्यालय नगर परिषद नरवर जिला शिवपुरी म.प्र.**

क्रमांक / न.प./ नरवर/2026/398 — दिनांक 09/03/26

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद नरवर क्षेत्रान्तर्गत नगर परिषद नरवर में निम्नांकित वसूली का ठेका वर्ष 2026-27 (अनुबंध / अधिकार पत्र दिनांक से 31 मार्च 2027 तक के लिये) दिया जाना है। जिसकी सील बंद निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कार्यालय में पंजीकृत डाक से प्रस्तुत की जा सकती है। विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | वसूली ठेका का नाम | शासकीय न्यूनतम निविदा ऑफर राशि | अमानत राशि | ऑफर प्राप्ति का अंतिम दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मृत मवेशी एवं ठेका हड्डी चमड़ा उठाव ठेका | 11000/- | 500/- | दिनांक 25/03/2026 को समय शाम 05 :00 बजे तक |
| 2. | लोडीमाता चौराहें के पास, धुवाई माधव चौक के पास, नया बस स्टेण्ड के पास, जिंदावली तिराहा चुंगी नाका के पास, मिनी बस स्टैंड पर स्थित सार्वजनिक शौचालय | 85000/- | 500/- | दिनांक 25/03/2026 समय शाम 05 :00 बजे तक |

**मुख्य नगर प्रालिका अधिकारी**
**नगर परिषद नरवर**

**अध्यक्ष**
**नगर परिषद नरवर**